# अमेरिका ईरान युद्ध का असर,गैस के लिए परेशान दिखे लोग

## कलेक्टर ने बैठक में दिये निर्देश गैस के स्थान पर अन्य वैकल्पिक स्त्रोतो के लिए किया जाए प्रेरित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर जिलामुख्यालय पर भी देखने को मिलने लगा है। मांग अनुसार एलपीजी सिलेंडर न मिलने की बजह से लोग अपने खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी ऑफिस से लेकर गोदामो के चक्कर काटते हुए नजर आए। दरअसल मिडिल इस्ट में चल रहे युद्ध के कारण जिले में भी गैस की कमी की किल्लत जोर पकड़ती जा रहीं है, इसे जहां एक ओर अफवाह बताया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर लोग अपने गैस सिलेंडर लेकर भरवाने की जुगत में इधर से उधर भटकते हुए नजर आने लगे है। वहीं एलपीजी के घरेलू गैस सिलेंडरों के बारे जानकारी जुटाई गई तो अधिकारियों द्वारा बताया गया कि घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों में कटौती की गई है। जिसके कारण होटल, रेस्टोरेंट और वैवाहिक कार्यक्रम वाले लोग गैस के लिए परेशान होते देखे गए।





**गैस एजेंसी संचालकों की बैठक में कलेक्टर ने कहा वैकल्पिक स्त्रोतों के लिए करें प्रेरित**

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गैस एजेंसी संचालकों एवं कॉमर्शियल गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं (प्रतिष्ठान संचालकों ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, प्रभारी जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा उपस्थित रहीं। इस दौरान कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देश दिये कि वर्तमान परिस्थितियों में एलपीजी के विवेकपूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेण्डर के स्थान पर अन्य वैकल्पिक स्त्रोत विद्युत उपकरण (इंडक्शेन ), डीजल भटटी, सौलर से चलने वाले उपकरणों के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाएं। वहीं जिले में पेट्रोल/ डीजल /सीएनजी एवं घरेलू गैस सिलेण्डरों उपलब्धता पर्याप्त है। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**मांग अनुसार नहीं मिल रहे सिलेंडर:**

शहर में भी गैस की कमी देखने को मिल रहीं है, जिसकी बजह से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। आलम ये है कि लोग अपने खाली सिलेंडरों को भरवाने के लिए एजेंसी ऑफिस से लेकर गोदाम पर पहुंच रहे है। वहीं जब एजेंसी संचालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के बारे में जानकारी जुटाई गई, तो पता चला कि मांग अनुसार सप्लाई में कमी है, जहां 400 सिलेंडर का ऑर्डर दिया जा रहा है, तो 300 सिलेंडर मिल रहे है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।



# सड़क हादसे में दुल्हन के जीजा के बाद दोनो चालकों की मौत

**आमने सामने की भिड़ंत में दोनों चालक हो गये थे घायल**

**दुल्हन को भी आये टांके, बेहोशी की हालत में कोमा में**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर मंगलवार दोपहर ग्राम बरखेड़ा के पास बुलेरो और कार की आमने-सामने भिड़ंत में जहां दुल्हन के जीजा की मौत घटना स्थल पर हो गई थी, तो वहीं उपचार के लिए भर्ती कराये गये दोनो चालकों की मृत्यु भी दौराने उपचार हो गई है। जानकारी के अनुसार कोलारस से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा जैन परिवार अपनी चार गाड़ियों से गंज बासौदा जा रहा था, इसी दौरान दूसरे नंबर की अर्टिका कार की भिडंत सामने से आ रहीं बुलेरो से हो गई। इस घटना में जहां दुल्हन की जीजा वैभव जैन ने घटना स्थल पर ही दमतोड़ दिया था, तो वहीं अन्य घायलों को उपचार के लिए जिलाअस्पताल लाया गया था, जहां से उन्हें उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया, जहां कार और बुलेरों के चालकों ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। वहीं घटना में घायल दुल्हन साक्षी को भी कई टाके आने के साथ वह कोमा में बताई जा रहीं है।

**उपचार के दौरान चालकों ने तोड़ा दम:** जानकारी के मुताबिक दुल्हन पक्ष को गंज बासौदा ले जा रहे कार चालक सौरभ खटीक भी भीषण भिडंत में घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया, जहां दौराने उपचार उसने दमतोड़ दिया। तो वहीं बुलेरो चालक राहुल यादव अपने परिजनों के साथ शादी में आया था, जहां परिजनों को छोड़कर वह अपने गांव वापस जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी भिडंत हो गई, इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए ले गए, जहां दौरान उपचार उसने भी दमतोड़ दिया।

**मातम में बदली खुशियां:** कोलारस और गंजबसौदा के जैन परिवार में शादी की कार्यक्रम की खुशिया मनाई जा रहीं थी, लेकिन सड़क हादसे ने उनकी खुशिया मातम में बदल दी, घटना के सूचना मिलने के बाद दूल्हा पक्ष के लोग दुल्हन पक्ष के लोगों से मिलने के लिए भोपाल चल गये, जहां वैवाहिक गीत थमने से सन्नाटा छा गया। तो वहीं हादसे में तीन लोगों की मौतो ने हर व्यक्ति की आंखे नम कर दी।

## एक नजर में

### दो घंटे में नाबालिग को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस की त्वरित कार्यवाही के चलते मात्र 2 घंटे में गुम हुई 12 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में गुमशुदा बालक/बालिकाओं की शीघ्र तलाश हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 10 मार्च को शाम करीब 7 बजे ग्राम चिरोली निवासी फरियादिया द्वारा थाना सेहराई उपस्थित होकर बताया कि उनकी 12 वर्षीय पुत्री को उन्होंने डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी बालिका का कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सेहराई द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए परिजनों द्वारा बताए अनुसार तकनीकी संसाधनों के आधार पर संभावित स्थानों पर तलाश किया गया, इस दौरान तकनीकी सूचना के आधार पर बालिका को माता मंदिर से सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सेहराई उप निरीक्षक धर्मेश दांगी, सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह कुशवाह, महिला आरक्षक लता विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### सेहराई में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन 13 मार्च को

**अशोकनगर।** जिले में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 13 मार्च को प्रात: 10 बजे से शासकीय महाविद्यालय सहराई में विकसित भारत संसद 2026 के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय आपातकाल के संदर्भ में चर्चा विचार विमर्श एवं तार्किक प्रस्तुति का अवसर प्रदान करेगा। जिला स्तरीय युवा संसद में जिले के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जिन्होंने मैं भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है तथा साथ ही जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच है। पत्र प्रतिभागी संसदीय प्रक्रिया की तर्ज पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सार्थक संवाद स्थापित करेंगे। इस मंच के माध्यम से युवा न केवल इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का विश्लेषण करेंगे बल्कि वर्तमान में लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के सुझाव भी प्रस्तुत करेंगे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल, तथा संवैधानिक समझ का विकास करना है। आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विकसित भारत युवा सांसद 2026 का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम युवाओं को लोकतांत्रिक तरीके से अपने विचार रखने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। इसमें 10 मार्च 2026 तक 185 युवाओं ने मैं भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराया है।

# फिरौती मांगने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## बॉक्सर गैंग का करते थे लेनदेन, जान के बदले मांगी थी व्यापारी से करोड़ों की राशि

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले में पुलिस द्वारा दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी अंतर्राष्ट्रीय शूटर गैंग हैरी बॉक्सर एवं ऋतिक बॉक्सर के पैसो का लैनदेन करते थे, जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वहीं इन आरोपियों से पुलिस द्वारा अन्य जानकारी जुटाई जा रहीं है। इस सबंध में पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेस कक्ष में बुधवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें गैंगस्टर की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा ने बताया कि व्यापारी से दस करोड़ की डिमांड करने के मामले में जहां पुलिस द्वारा विगत दिनों मनीष जांगिड़ नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद गैंगस्टरों द्वारा फिर से व्यापारियों को धमकाया गया,यह धमकी भी हैरी बॉक्सर के नाम से वाट्सअप कॉल, वीडियो कोल, वाईस नोट द्वारा दी गई। तो वहीं पुलिस द्वारा लगातार गैंग के बारे में जानकारी जुटाई जा रही थी, जिसके चलते पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा गोवा और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में छानबीन की गई, जहां पकड़े गए आरोपी को ऑनलाइन ट्राईजेक्शन करने के मामले में क्योस्क संचालक पवन शर्मा एवं दिनेश सुथार को गिरफ्तार किया है।



एसपी श्री मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी गैंगस्टर के पैसे का लेनदेन करते थे। जिसके चलते इन्हें अभिरक्षा में लेकर और जानकारी जुटाई जा रहीं है।

**राज्यों के खंगाले दो सैंकड़ा से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे:**

प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस कप्तान ने बताया कि व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले की विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने आरोपी मनीष जांगिड की गिरफ्तार किया, तो वहीं के बाद विवेचना के दौरान गोपनीय सूचनाओं एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार कई टीमें देश के अलग-अलग राज्यो में रवाना की गई थी और गिरफ्तार आरोपी को पैसे एवं हथियार उपलब्ध कराये जाने की जानकारी एकत्रित गई। जिसमें एक टीम गोवा एवं राजस्थान रवाना की गई थी। टीम ने गोवा जाकर लगभग 200 केमरों की फुटेज खंगाली गई जिसमे एक संदिग्ध का फोटो प्राप्त हुआ था। उसकी तस्दीक की गई तो वह बॉक्सर गैंग का प्रदीप शुक्ला होना पाया गया जिस पूर्व में जयपुर के जी-क्लव और ग्वालियर के हजीरा थाना में फिरौती के लिये फायरिंग करनें के अपराध भी दर्ज है। पुलिस ने इस पर 10,000 रूपये का ईनाम भी घोषित किया है।

**गैंग के दो सहयोगी पकड़े:**

पुलिस ने अपनी तस्दीक में पाया कि मनीष जांगिड को वहां से भी 40,000 रूपये ऑनलाईन फोन पे के माध्यम से दिये गये थे, पुलिस टीम एक संदिग्ध को पूछताछ के लिये अपने साथ अशोकनगर लेकर आई थी दौराने पूछताछ आरोपी दिनेश सुथार ने बताया कि उसे हैरी बॉक्सर गैंग के दुर्गेश सोनी ने एक नम्बर दिया था, जिस पर 40,000 हजार रूपये ऑनलाईन देने का बोला था, जिसमे अपना फायदा भी होगा, जो मैने पैसे ऑनलाईन किये थे। इसके अतिरिक्त 65,000 रूपये अन्य गैंग की अवैध गतिविधियो के लिये भी टान्सफर किये गये है जिसको चिन्हित किया जा चुका है एक टीम भी रवाना की गई है। यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि दुर्गेश सोनी हैरी बॉक्सर गैंग का सदस्य है और यह 17 साल की उम्र में ही हत्या कर चुका है जिसके लिये जेल भी रह चुका है, जेल से बाहर आने के बाद यह बॉक्सर गैंग के लगातार संम्पर्क मे आकर काम करने लगा, जिसकी सघन तलाश की जा रही है।

**एसपी ने कहा गैंगस्टर की ग्लैमरस लाइफ स्टाईल से न हों प्रभावित:**

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा ने कहा कि गैंगस्टर की ग्लैमरस लाइफ स्टाइल को देखकर युवा इन शूटरों से जुड़ना चाहते है, जिसके कारण शूटरों के तो काम हो जाते है, लेकिन पकड़े ये लोग जाते है, जिसके कारण इनके परिवार के लोग परेशान होते फिरते है । उन्होंने युवाओं से अपील कि वह ग्लैमरस लाइफ से प्रभावित न हो और न हीं इनके चक्कर में आए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार की धमकी और या मैसेज आने पर उन्हें सूचित करे, मप्र पुलिस आपके सहयोग के लिए हमेशा उपलब्ध है।

### नवरात्र को लेकर मां जागेश्वरी के दरबार में शुरु हुई साफ-सफाई और पुताई

**चंदेरी।** ऐतिहासिक मां जागेश्वरी के दरबार में चैत्र नवरात्र की तैयारियां जोरों से चल रही है। वर्ष में दो बार आने वाली नवरात्र में माता के मंदिर प्रांगण को सजाकर नौ दिनों तक मां की पूजा अर्चना की जाती है, शहर में भक्तों की माता के प्रति अटूट श्रद्धा है। हर वर्ष दोनों नवरात्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। प्रतिवर्ष सिद्ध पीठ मां जागेश्वरी मंदिर पर नवरात्र आने से पहले सभी विग्रहों के मंदिरों पर रंग रोगन कर तैयार किया जाता है। मंदिर के महंत जुगल किशोर दास ने बताया कि मां दुर्गा जिन्हें शक्ति के देवी के रूप में पूजा जाता है। जिनके नौ रूपों की विशेष पूजा के लिए नवरात्र को मनाया जाता है। वर्ष में दो बार चैत व क्वांर में मां के नौ रूपों की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस बीच नवरात्र के शुरू होने के कुछ दिनों पहले ही तैयारियां शुरू हो जाती है। मंदिरों के रंग रोगन से लेकर के मंदिरों की सफाई व अन्य कार्यों को नवरात्र आने से पहले ही पूर्ण कर लिया जाता है। इस बार भी मंदिर की साफ-सफाई के साथ लिपाई पोताई का कार्य नवरात्र से दो दिन पहले पूर्ण हो जायेगा।



### कंट्रोल रूम स्थापित

**अशोकनगर।** ग्रीष्मकाल में पेयजल की समस्याओं के तत्काकल निराकरण हेतु जिला स्तेर पर कंट्रोल रूम स्थामपित किया गया। जानकारी देते हुए कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि कंट्रोल रूम में पेयजल से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है।




# बिहारी जी के मंदिर में गुलाल और फूलों से खेली होली

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** होली के पावन पर्व पर सप्तमी मंगलवार को श्री विहारी जी मंदिर समिति द्वारा वार्षिक फागोत्सव का आयोजन किया गया। यह उत्सव श्री विहारी जी मंदिर में मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। फागोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण रहा। इस दौरान शिवपुरी से आई भजन मंडली जिसमें संजीव पांडेय पिछोर, गोकुल प्रसाद शिवपुरी, रामभरोसे नागर शिवपुरी और सोनू ओझा द्वारा मेरा श्याम दिवाना है राधे रानी का,सुन नाथ अरज अब मेरी,में शरण पड़ा प्रभु तेरी, जय गोविंदा गोपाला मनमोहन श्याम कन्हैया , मेरो खुल गया बाजू बंद रसिया होली में,आज विरज में होली रे रसिया जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां ठाकुरजी के समक्ष दी। इसके बाद गुलाल और पुष्पों से होली खेली गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर रंगों और फूलों की खुशबू से भर गया। तवले पर अहमद हुसैन और अतुल पांडे द्वारा जुगल बंदी की गई वहीं बाल कलाकार राघव नागर ने ढोलक बजाकर वाह वाही बटोरी।

**रंग-गुलाल लगाकर खेली होली:** इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में श्री विहारी जी समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि फागोत्सव का उद्देश्य सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखना है। साथ ही, यह उत्सव समाज में भाईचारा और प्रेम का संदेश भी देता है। स्थानीय श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से यह आयोजन सफल रहा।

**जन्मोत्सव**

**नईसराय में धूमधाम से मनाया मां शीतला का जन्मोत्सव**

# शीतला अष्टमी पर हुई विशेष पूजा, लगाया बासौड़ा का भोग



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नईसराय कस्बे के बीचो-बीच स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर पर शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को मां शीतला को बासोड़ा का भोग लगाया गया। इसके साथ ही माता रानी का जन्मोत्सव उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। साथ ही शीतला माता का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। बुधवार को शीतला माता के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में महिलाओं द्वारा फूलों व रंगों की होली खेली गई , शीतला माता मंदिर से क्षेत्र के हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी है मंदिर पर हर साल चैत्र मास की अष्टमी को शीतला माता का प्रकट उत्सव मनाया जाता है। मंदिर के पुजारी राजाराम बैरागी ने बताया कि अष्टमी की सुबह शीतला माता का मंत्र उच्चार के साथ श्रृंगार किया गया, इसके बाद महा आरती की गई, आरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं अपने घरों से आरती की थाल सजाकर मंदिर पहुंची और महाआरती में हिस्सा लिया। आरती के बाद भंडारा आयोजित किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। वहीं अष्टमी के चलते महिलाओं ने माता को बासी भोजन का भोग लगाया।



**शाढौरा में की विशेष पूजा अर्चना**

होली के आठ दिन बाद यानी चैत्र कृष्ण अष्टमी को शीतला अष्टमी बसोडा का त्यौहार मनाया गया। इस दिन शीतला माता की पूजा अर्चना के साथ उन्हें एक दिन पहले बना हुआ बासी भोजन (ठंडा भोग) लगाने की परंपरा है। यह पर्व माता को शीतलता प्रदान करने के साथ - साथ यह बदलते मौसम में अन्य बीमारियों से रक्षा के लिए मनाया जाता है। इस दौरान शीतला मंदिरों में सुबह से ही माता की आराधना के लिए श्रद्धालु पहुंचे। माता को शीतल भोजन अर्पित करते हुए माता का श्रृंगार व पूजन किया गया। माता मोहल्ला स्थित मां शीतला मंदिर में सुबह पांच बजे से श्रद्धालु पहुंचे।

चूंकि यह व्रत मां शीतला को समर्पित माना जाता है, इसलिए इस व्रत में पूरे विधि विधान के साथ मां की पूजा अर्चना की गई। व्रत की तैयारियां एक दिन पहले से ही शुरू हो गई थी महिलाओं ने व्रत पर मां शीतला को बासी खाने का भोग लगाने के लिए एक रात पहले ही पूरी साफ सफाई से खाना बनाकर रख लिया था। व्रत वाले दिन यानी कि शीतलाष्टमी को सुबह ही नित्यकर्म और स्नान के बाद मां की पूजा के दौरान उन्हें इस बासी खाने का भोग लगाया गया। इसके बाद यह खाना ही प्रसाद के तौर पर घर के अन्य सदस्यों को दिया गया। वहीं इस दिन घर में खाना बनाने या किसी अन्य काम के लिए भी चूल्हा नहीं जलाया गया। वहीं मंदिर के पुजारी पंडित ने बताया कि शीतला अष्टमी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा की गई। ऐसी मान्यता है कि शीतला अष्टमी में पूजा व व्रत करने से माता की कृपा मिलती है ऐसा माना जाता है कि इस दिन माता शीतला को बासी भोजन का भोग लगाने से समस्त कष्टों से मुक्ति मिलती है और संतान को अच्छी सेहत का आशीर्वाद मिलता है। वही गर्मी में होने वाले ज्वर व बडी बीमारियों से मुक्ति मिलती है।

### अहिरवार समाज संघ की पहल: दिवंगतों के सम्मान हेतु निशुल्क सेवा प्रारंभ

**शाढ़ौरा।** अहिरवार समाज संघ जिला अशोकनगर द्वारा शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले क्षेत्रवासियों के लिए पोस्टमार्टम उपरांत शव पैकिंग में लगने वाली सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था। संघ के सदस्यों के सहयोग से पोस्टमार्टम किट सामग्री उपलब्ध होने के बाद इस सेवा को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया गया। संघ द्वारा विचार-विमर्श करने के पश्चात यह तय किया गया कि लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार तथा पोस्टमार्टम उपरांत दिवंगत व्यक्तियों के शव को उनके निवास स्थान तक सम्मानपूर्वक पहुंचाने की निशुल्क व्यवस्था भी प्रारंभ की जाएगी। अहिरवार समाज संघ की इस मानवीय पहल एवं सेवाभावी का नगर के सभी धर्म, सभी वर्ग एवं सभी समुदाय के लोगों ने स्वागत किया और इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने की इच्छा व्यक्त की। यह सेवा कार्य सर्व समाज के समाजसेवियों के आर्थिक सहयोग से संचालित कि जाएगी । यह सेवा मंगलवार से प्रारंभ की गई है। सेवा के दूसरे ही दिन 11 मार्च को सुरेश अहिरवार, निवासी बलदाई के निधन के उपरांत पोस्टमार्टम के बाद दिवंगत शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था इस सेवा के माध्यम से की गई। पूर्व जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ के रवि मोहने एवं राजनीतिक विभाग के जिलाध्यक्ष चिमन सिंह अहिरवार आदि मौजूद रहे।